छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय, रायपुर

क्रमांक /वि.स./स्था./2015 रायपुर, दिनांक / /2015

//कार्यालय आदेश//

आदेशानुसार, छ.ग. विधानसभा सचिवालय रायपुर में बायोमेट्रिक्स अटेंडेंस सिस्टम की स्थापना का कार्य पूर्ण हो चुका है । सचिवालय की सभी शाखाओं के अधिकारी/कर्मचारियों के लिए वर्तमान में संधारित उपस्थिति पंजी व्यवस्था को दिनांक 13/09/2015 से समाप्त करते हुए उसके स्थान पर दिनांक 14/09/2015 से अवर सचिव स्तर तक के समस्त अधिकारी/कर्मचारी बायोमेट्रिक्स अटेंडेंस सिस्टम में फिंगर इम्प्रेशन से अपनी उपस्थिति दर्ज करावेंगे । वे यह भी सुनिश्चित करेंगे कि सचिवालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थिति के समय एवं कार्यालय समय समाप्ति के पश्चात सचिवालय से प्रस्थान के पूर्व निर्गमन दर्ज करेंगे।

(1) स्थापना शाखा के पास स्थापित बायोमेट्रिक्स अटेंडेंस सिस्टम में समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण।

(2) सर्वर कक्ष के पास स्थापित बायोमेट्रिक्स अटेंडेंस सिस्टम में सेक्टर 'बी' स्थित शाखाओं के समस्त अधिकारी/कर्मचारी ।

(3) विधान शाखा के पास प्रथम तल पर स्थापित बायोमेट्रिक्स अटेंडेंस सिस्टम में सेक्टर 'ए' स्थित शाखाओं के समस्त अधिकारी/कर्मचारी ।

(4) स्वागती द्वार के पास स्थापित बायोमेट्रिक्स अटेंडेंस सिस्टम में सेक्टर 'ए' भूतल स्थित कक्षों में पदस्थ अधिकारी/कर्मचारी तथा शासकीय/निजी कार्य से अथवा भोजनावकाश में कार्यालयीन समय में कार्यालय से बाहर जाने व वापिस आने वाले समस्त अधिकारी/कर्मचारी ।

आदेश से,

हस्ता.

अवर सचिव

छत्तीसगढ़ विधान सभा

पृ. क्रमांक 1456 /वि.स./स्था./2015 रायपुर, दिनांक 9 / 9 /2015

<u>प्रतिलिपिः-</u>

01. मान. अध्यक्ष, छ.ग. विधान सभा के सचिव को मा. अध्यक्ष महो. के सूचनार्थ।
02. मान. नेता प्रतिपक्ष, छत्तीसगढ़ विधान सभा के निज सचिव को मान. नेता प्रतिपक्ष महोदय के सूचनार्थ।
03. कार्यालय, मान. उपाध्यक्ष, छ.ग.विधान सभा को मान. उपाध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ।
04. प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय के निज सहायक को प्रमुख सचिव महोदय के सूचनार्थ ।
05. सर्व संबंधित अधिकारी/कर्मचारियों की ओर पालनार्थ ।
06. सर्वर कक्ष हेतु।

वित्तीय समिति अधिकारी

छत्तीसगढ़ विधान सभा